4. वायु

अभ्यास-प्रश्नावली

प्रश्न : 1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) वायुमंडल क्या हैं?

उत्तर : हमारी पृथ्वी चारो और से वायु की घनी चादर से घिरी हुई हैं, जिसे वायुमंडल कहते हैं|

(ii) वायुमंडल का अधिकतर भाग किन दो गैसों से बना हैं?

उत्तर : (i) नाइट्रोजन (ii) ऑक्सीजन |

(iii) वायुमंडल में कौन-सी गैस हरित गृह प्रभाव पैदा करती हैं?

उत्तर : कार्बन डाइऑक्साइड |

(iv) मौसम किसे कहते हैं?

उत्तर : मौसम , वायुमंडल , की प्रत्येक घंटे तथा दिन-प्रतिदिन की स्थिति होती हैं|

(v) वर्षा के तीन प्रकार लिखें |

उत्तर :

(i) संवहनीय वर्षा

(ii) पर्वतीय वर्षा एवं

(iii) चक्रवाती वर्षा |

प्रश्न : 2 सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए –

(i) निम्नलिखित में से कौन-सी गैस हमें सूर्य की हानिकारक गैसों से बचाती हैं?

उत्तर : (ग) ओज़ोन

(ii) वायुमंडल की सबसे महत्वपूर्ण परत हैं

उत्तर : (क) शोभमंडल |

(iii) वायुमंडल की निम्न परतों में से कौन-सी बादल विहीन हैं?

उत्तर : (ख) समतापमंडल |

(iv) वायुमंडल परतों में जब हम ऊपर जाते हैं तब वायुदाब –

उत्तर : (ख) घटता हैं|

(v) जब वृष्टि तरल रूप में पृथ्वी पर आती हैं, उसे हम कहते हैं–

उत्तर : (ख) वर्षा

प्रश्न : 3 निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए –

(i) व्यापारिक पवने	**(क) मौसमी पवन**
(ii) लू	**(ख) पवन की क्षैतिज गति**
(iii) मानसून	**(ग) स्थायी पवन**
(iv) पवन	**(घ) स्थानीय पवन**

उत्तर :

(i) (ग)

(ii) (घ)

(iii) (क)

(iv) (ख)

प्रश्न : 4 कारण बताइए –

(i) आर्द्र दिन में गिले कपडे सुखने में अधिक समय लेते हैं|

उत्तर : क्योकि आर्द्र दिन में वायु में जलवाष्प की मात्रा अत्यधिक होती हैं| इसलिए वायु में गिले कपडो से आर्द्रता सोखने की क्षमता कम होती हैं| यानि की वाष्पीकरण कि८ दर कम होती हैं|

(ii) भूमध्य रेखा से ध्रुवो कि ओर जाने पर आतपन की मात्रा घटती जाती हैं|

उत्तर : क्योकि भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणे सीधी पड़ती हैंजबकि ध्रुवो की ओर सूर्य किरणे तिरछी पड़ती हैं|

अतिरिक्त-प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1 : कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रीन हाउस गैस क्यों कहते हैं?

उत्तर : कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में फौल कर पृथ्वी से विकरित ऊष्मा को पृथ्वी पर रोककर ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करती हैं| इसलिए इसे ग्रीन हाउस गैस भी कहते हैं|

प्रश्न 2 : वैश्विक उष्मन (ग्लोबल वार्मिंग) क्या हैं ?

उत्तर : जब कारखानों एवं वाहनों के धुएं से वायुमंडल में इसका स्तर बढता हैं| तब इस उष्मा के द्वारा पृथ्वी का तापमान बढता हैंइसे भूमंडलीय तापन या वैश्विक उष्मन (ग्लोबल वार्मिंग) कहते हैं|

प्रश्न 3 : ओज़ोन गैस किस प्रकार हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं?

उत्तर : ओज़ोन गैस हमारी पृथ्वी के चारो ओर एक सुरक्षा परत बनाती हैं| यह सूर्य की हानिकारक पराबैगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती हैं | ये हानिकारण किरणें बहुत सी चर्म की बीमारियाँ जैसे कैंसर आदि रोग उत्पन्न करती हैं |

प्रश्न : 4 वायुमंडल की पाँच परतों के नाम बताईए ?

उत्तर :

(i) क्षोभमंडक

(ii) समताप मंडल

(iii) मध्येमंडल

(iv) बाह्य्मंडल

(v) बहिर्मंडल |

प्रश्न : आयनमंडल किस परत का एक भाग हैं?

उत्तर : आयनमंडल बह्यामंडल का एक भाग हैं|